कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 1075 /शैक्षिक/2025 दिनांक : जनवरी 01, 2026

-: कार्यालय ज्ञाप :-

विश्वविद्यालय के शैक्षिक अनुभाग के पत्रांक 1057/शैक्षिक/2025 दिनांक 19/12/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत् समस्त पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं (पी0एच0डी0 शीतकालीन छात्र-छात्राओं को छोड़कर) द्वारा सम सत्र पंजीकरण एवं अवशेष शिक्षण शुल्क (पूर्ण/आंशिक) भुगतान किये जाने से सम्बंधित है। उक्त के क्रम में **जिन छात्र-छात्राओं ने अद्यतन सम सत्र पंजीकरण एवं अवशेष शिक्षण शुल्क का भुगतान नहीं किया है, को सूचित किया जाता है कि सम सत्र पंजीकरण की अंतिम तिथि 03/01/2026 को विस्तारित करते हुए 15/01/2026** की जाती है।

उक्त तिथि के उपरान्त **रु0 200/- प्रतिदिन (अधिकतम रु0 1000/- मात्र एक सप्ताह तक)** विलम्ब शुल्क देय होगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि जिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से न्यून होगी एवं इनरोलमेन्ट की कार्यवाही अद्यतन पूर्ण नहीं की गयी है, ऐसे छात्र-छात्राओं को आगामी मिड सेमेस्टर एवं नियमित परीक्षा में प्रतिभाग करने से वंचित कर दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र की होगी।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त विभागाध्यक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विभाग के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

V Dixit 01/01/2026

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप